प्रतियोगिता | फाइनल में टीम रेनबो को शिकस्त दी

# टीम सनराइज ने जीता एडवोकेट प्रीमियर लीग का खिताब




**नवभारत, जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवंहाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग का रानीताल खेल परिसर में फाइनल मैच टीम सनराइज एवं टीम रेन्बो के बीच आयोजित किया गया। जिसमे कृष्णमूर्ति मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा टॉस कराया गया। जिसके बाद टीम सनराइज ने पहले बल्लेबाजी करतेहुये निर्धारित 20 ओवर, 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए, जबाव में टीम रेन्बो ने लक्ष्य का पीछा करते हुये 15.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाते हुए 65 रन से टीम सनराइज ने मैच जीत कर ए.पी.एलटी- 20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट 2025-2026 की विजेता बनी।



### ये रहे मुख्य अतिथि

मैच में अतिथि के रूप में विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर, कार्यक्रम कीअध्यक्षता जगत बहादुर अन्नू, महापौर नगर पालिका निगम जबलपुर, विशिष्ट अतिथि संजय द्विवेदी न्यायमूर्तिसेवानिवृत्त मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, कृष्णमूर्ति मिश्रा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर, मुकेश रावत रजिस्ट्रार, सूर्यकांत शर्मा पुलिस अधीक्षक जबलपुर, उमेश पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघजबलपुर, सुधीर नायक पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर, मार्गदर्शक समिति के सदस्य, तुलसीदासलोहाना, के.डी. सिंह, प्रकाश चन्द्र लोधी, गणेश सोनी, शिशिर नेमा अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन एवं आदि उपस्थित थे।

### पुरस्कार वितरित किये गये

ए. पी. एल के मैच के दौरान शतक बनाने वाले खिलाड़ी नितिन दुबे (टीम रेन्बो), प्रदुम (टीम टाईटेनियम), अन्वेषश्रीवास्तव (टीम येलो), बेस्ट बॉलर यश हिरानी, (टीम सनराइज), बेस्ट कीपर मेहन्द्र श्रीवास (टीम सनराइज), वेस्टकैच के लिए जयदीप (टीम रेन्बो), आयोजित सभी मैचों में कॉमेन्ट्री के लिए अधिवक्ता तरूण रोहितास, संजीवपाण्डेय, रजनीश उपाध्याय को पुरस्कत किया गया एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वाराए.पी.एल क्रिकेट टूर्नामेन्ट के सभी 22 टीमों के खिलाड़ियों को प्रस्सति पत्र प्रदाय किये गये एवं टूर्नामेन्ट आयोजनमें शामिल वर्किंग कमेटी के सदस्य अधिवक्ता प्रदीप परसाई (बाबा), संजय यादव, अरूण मिश्रा, संजीव पाण्डेय, तरूण रोहितास, आदित्य राजू मलैया और शाहरूख मूंसरी को ट्रैक सूट प्रदान किए गए।



# जबलपुर को 2 विकेट से हराकर छिंदवाड़ा बना चैंपियन

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (2025-26) का रोमांचक फाइनल मुकाबला एमपीसीए स्टेडियम, नीमखेड़ा में खेला गया। कड़े संघर्ष से भरपूर इस मैच में छिंदवाड़ा जिले ने जबलपुर को 2 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### जबलपुर ने खड़ा किया 309 रनों का विशाल स्कोर

टॉस जीतकर छिंदवाड़ा ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 309 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। साहिल लोधी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 107 गेंदों में 143 रन (16 चौके, 6 छक्के) ठोके। उन्होंने शुभांक पांडे (27) के साथ 82 रनों और रितेश शाक्य (22) के साथ 75 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। वरुण तिवारी ने 38 रन जोड़े। छिंदवाड़ा की ओर से वंदित जोशी ने 3 विकेट, जबकि पूर्णीक राव और राहुल ने 2-2 विकेट हासिल किए।

### मानव शर्मा की मैच जिताऊ पारी

310 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छिंदवाड़ा ने अंतिम ओवरों तक संघर्ष जारी रखा और रोमांचक अंदाज में लक्ष्य हासिल कर लिया। मानव शर्मा ने नाबाद 74 रन (72 गेंद, 6 चौके, 3 छक्के) बनाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने पूर्णाक राव (47) के साथ सातवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी की। वंदित जोशी ने ताबड़तोड़ 52 रन (23 गेंद) बनाए, जबकि सेजल भादे (49) और अचिंत ठाकुर (42) ने तीसरे विकेट के लिए 83 रन जोड़े। जबलपुर की ओर से आयुष यादव ने 3, शिवम तिवारी ने 2 विकेट लिए।

### विजेता टीम को प्रदान की गई ट्रॉफी

विजेता छिंदवाड़ा टीम को ट्रॉफी जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निशिथ पटेल द्वारा चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी, गोपाल जोशी, द्वारका मिश्रा, सदस्य धर्मेश पटेल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन पवन सिंधिया ने किया। मैच में अंपायर अमित यादव व प्रतीक खरे तथा स्कोरर सचिन साहू रहे, जबकि ऑब्जर्वर सोनू रॉबिंसन (एमपीसीए) उपस्थित थे।

# ललित कला उत्पादों से आय सृजन का करें प्रयास



▶कलेक्टर ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शनिवार को शासकीय ललित कला महाविद्यालय का निरीक्षण कर वहां संचालित ललित कला गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इन उत्पादों के माध्यम से आय सृजन के ठोस प्रयास किए जाएं, जिससे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिले। महाविद्यालय की कनिष्ठ निदेशक शैलजा सुल्लेरे ने संस्थान में संचालित विभिन्न कला गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की और विद्यार्थियों की उपलब्धियों से अवगत कराया।बनिरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यापालन अधिकारी अभिषेक गहलोत भी उपस्थित रहे और कला उत्पादों को बाजार से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा की।

परीक्षा के दौरान पहुंचे कलेक्टर - सीईओ, लिया जायजा

बॉक्स फोटो 555

इसके पश्चात कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं सीईओ अभिषेक गहलोत ने शासकीय माध्यमिक शाला खमरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में कक्षा आठवीं की परीक्षा संचालित हो रही थी। कलेक्टर ने परीक्षा व्यवस्था एवं विद्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा किचिन शेड का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के

# विद्यार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन व माइंडफुलनेस कार्यशाला



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व एवं कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा तनाव प्रबंधन, माइंडफुलनेस-अभ्यास, जीवन कौशल एवं आशा निर्माण विषय पर तृतीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय सभा भवन में किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को मेंटल हीलिंग एक्टिविटी एवं काउंसलिंग प्रदान की गई। पियर ग्रुप मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों का पंजीयन कर नियमित परामर्श की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को बैठकें आयोजित होंगी तथा पूर्ण गोपनीयता के साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. देवीलता रावत, सहायक नोडल अधिकारी एवं सचिव डॉ. मीनल दुबे, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. रानी वैद्य और डॉ. मोहसिना खान ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दो कार्यशालाएं सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं।



# नेत्रहीन बच्चों संग खेली 'फूलों की होली'

**नवभारत, जबलपुर।** होली के पावन अवसर पर शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने दृष्टिबाधित बच्चों के साथ अनूठी 'फूलों की होली' मनाकर संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का उदाहरण प्रस्तुत किया। गुलाब की पंखुड़ियों के सौम्य स्पर्श और सुगंध के माध्यम से बच्चों को त्योहार का विशेष एहसास कराया गया, जिससे वे रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव से भी सुरक्षित रहे। इस अवसर पर बच्चों को फल एवं मिठाइयाँ वितरित की गईं। डॉ. पटेल ने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में हेमंत बड़गैया, तपस्वी लाल बाघमार, मयूर संघवी, जितेन्द्र राजपूत, अंकित साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम द्वारा अपने कर्मठ अधिकारियों, कर्मचारियों और अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों की सेहत का ध्यान रखते हुए एक विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का भव्य आयोजन किया गया। घंटाघर स्थित सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर त्वरित समाधान प्रदान किए। शिविर का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", निगमाध्यक्ष रिंकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल की एक अनुभवी और वरिष्ठ टीम मौजूद रही।

# असामाजिक तत्वों, अवैध शराबखोरी पर पुलिस का शिकंजा

▶ अलग-अलग समय पर चेकिंग प्वॉइंट लगाकर की कार्रवाई



**नवभारत, जबलपुर।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शहर भर में अलग-अलग समय पर चेकिंग प्वाइंट लगाकर सघन कार्रवाई की जा रही है। जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने वालों, असामाजिक तत्वों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को हटाकर संबंधित व्यक्तियों पर 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में की जा रही है। नगर पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने-अपने अनुभाग के थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश देकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### 141 वाहन चालकों पर 64 हजार का जुर्माना

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई में 141 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 64 हजार 800 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि शहर में कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# हार्डवेयर कर्मचारी पर हमला 10 हजार लूटे या गिरे

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने हार्डवेयर कर्मचारी को घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान घायल के 10 हजार लूटे गए या गिर गए इस पर रहस्य बना है। हालांकि पुलिस प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी आशीष रजक (18) एक हार्डवेयर दुकान में काम करता है। रात लगभग 11 बजे वह अपने दुकान मालिक से 10 हजार रुपये लेकर घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह सब्जी मंडी कलारी के पास कटरा गली पहुँचा, दो अज्ञात युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने आशीष को रोककर तलाशी लेनी चाही। विरोध करने पर बदमाशों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नियत से डंडों से हमला कर दिया। एक आरोपी ने आशीष के सिर पर डंडा मारने की कोशिश की, लेकिन झुक जाने के कारण चोट उसकी पीठ पर लगी। इसके बाद बदमाशों ने उसकी जांघ और दोनों हाथों की कोहनियों पर ताबड़तोड़ वार किए।

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-टेण्डर नोटिस**
**विद्युत लोको शेड, नई कटनी जंक्शन**
**दिनांक: 26.02.2026**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, (कटनी) म.प्र. भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से पात्रता पूर्ण करने वाले प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारो से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक**-एनकेजे/टीआरएस/टी/01/25 दिनांक 26.02.2026, **कार्य का नाम**- रिफिलिंग, हाइड्रोलिक टेस्टिंग, रिपेयर & रिप्लेसमेंट ऑफ डिटेक्टिव पार्ट्स ऑफ फायर एक्सटिंगुइशर ऑफ डब्लूएजी-9 लोकोमोटिव ऑफ इएलएस/नकज फॉर पीरियड ऑफ 03 इयर्स। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में)**- 4,68,302.58/-, **निविदा फॉर्म की कीमत (रुपए में)**-Nill, **बयाना राशि (रूपये में)**-9,400/-, **कार्य समापन अवधि**-36 माह, **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**-23.03.2026 को 15:00 बजे तक। **टिप्पणी**: 1. निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र हमारे वेबसाइट "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी मेन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/टीआरएस/नई कटनी जंक्शन, प. म. रेल्वे के कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की गयी है। 2. निविदाकारो से अनुरोध है कि निविदा खुलने से पहले यदि कोई शुद्धि पत्र जारी किया गया हो तो उसके अनुसार निविदा भरे एवं असफल होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है। 3. निविदा फॉर्म का मूल्य : निल, जीसीसी अप्रैल 2022 पार्ट। क्लाउस नंबर 3 के अनुसार निविदा फॉर्म का मूल्य निल है। ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकार को फ्री में जारी किए जायेंगे।

(हस्ता.)
मण्डल विद्युत अभियंता (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र./4934/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 27/02/2026
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ओंकार नाथ जायसवाल पिता/पति. श्री श्याम सुन्दर निवासी 3428 टाईप 3 सेक्टर 2 V.F.J जबलपुर, (म.प्र.) के द्वारा मौजा महाराजपुर/ ब्लॉक नंबर प्लॉट नंबर स्थित भूमि खसरा नंबर 253/3, में से रकवा 3900 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता राजेश पिल्ले पिता आर.एम.पिल्ले से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23/03/2012 से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 14/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 27/02/2026
पेशी दिनांक :- 14/03/2026

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र./2472/अ-6/2025-26

आवेदक श्रीमती राजकुमारी वर्मा पिता स्व. आर.जी.वर्मा निवासी 1/24 न्यू राम नगर अधारताल द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र क्रं./दानपत्र क्रमांक/वसीयत क्रं./फौत दि./11/03/2023 दिनांक के माध्यम से मौजा/ नजूल ब्लाक बैतला प.ह.नं. 01 स्थित भूमि खसरा नं./ प्लांट नं. 1/2/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 1250 वर्गफुट पर विक्रेता/वसीयतकर्ता/फौत/दानकर्ता जबलपुर विकास प्राधिकरण जबलपुर से क्रय गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र/दानपत्र एवं फार्म पी-II खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि पर वर्तमान खसरे में भूमि स्वामी के रुप में राम क्रीपाल वर्मा वल्द लक्ष्मी नारायण वर्मा का नाम दर्ज हैं।

अत: उपरोक्त नामातरंण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 13/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27/02/2026 इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 27/02/2026
पेशी दिनांक :- 13/03/2026

सील
नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

सेमिनार | शासकीय मानकुंवर बाई महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# शिक्षक का स्थान तकनीकी साधनों से नहीं लिया जा सकता : डॉ. मेहरा




**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'गुणवत्ता विकास: श्रेष्ठतम लक्ष्य प्राप्ति हेतु उच्च शिक्षा में कार्य संस्कृति' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजेश लाल मेहरा, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, ने कहा कि शिक्षक का स्थान तकनीकी साधनों से नहीं लिया जा सकता। उन्होंने शिक्षकों और माता-पिता को विद्यार्थियों की सफलता का सच्चा हकदार बताया और बेटियों की भूमिका, परंपरा और राष्ट्रहित में परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. माधुरी यादव, अनुसंधान अधिकारी, भाषा एवं संस्कृति, भोपाल ने कहा कि जनजातीय समुदाय भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं।

### नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

बीज वक्ता डॉ. विकास शर्मा, प्राध्यापक (अंग्रेजी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने गिरते शिक्षा स्तर, विद्यार्थियों की घटती उपस्थिति, अवसंरचना की कमी, शोध गतिविधियों में गिरावट और नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### बौद्धिक सत्र में कार्य संस्कृति और रिसर्च

प्रो. डॉ. रंजीत बहादुर सिंह, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस, नरसिंहपुर ने हेल्दी एनवायरनमेंट, वर्क एथिक्स और रिसर्च ओरिएंटेड एप्रोच पर मार्गदर्शन दिया। प्रो. राजकुमार खापेकर, डी.आर.बी. सिंधु महाविद्यालय, नागपुर ने पर्यावरण संरक्षण, जल और मृदा संरक्षण और वसुधैव कुटुम्बकम् पर चर्चा की। डॉ. मनोज श्रीवास्तव, प्राचार्य, पंडित श्यामसुन्दर अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय, सिहोरा ने लक्ष्योन्मुखी कार्य संस्कृति के लिए त्याग, समर्पण और कर्मठता के महत्व पर जोर दिया।

### 160 शोध पत्र और 50 पोस्टर प्रस्तुत

राष्ट्रीय सेमिनार में देशभर से लगभग 220 प्राध्यापक और शोधार्थियों ने भाग लिया। बौद्धिक सत्र में 160 शोध पत्र और 50 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। 'एक मुलाकात लेखक के साथ' सत्र में डॉ. विकास शर्मा ने उपन्यास लेखन की अपनी यात्रा, जीवन की स्मरणीय घटनाओं और 'जेन-जी' पीढ़ी पर चर्चा की।

### इनका कहना है



कार्यक्रम ने कार्य संस्कृति और गुणवत्ता विकास पर नया दृष्टिकोण दिया।

**रेशमा मार्को, एमए इंग्लिश**



सांस्कृतिक और बौद्धिक सत्र का संतुलन सेमिनार को और रोचक बनाता है।

**कीर्ति यादव, चित्रकला पीजी**



डॉ. मेहरा और डॉ. शर्मा के विचारों ने मेहनत और जिम्मेदारी का महत्व समझाया।

**महिमा एलबर्ट, एमए इंग्लिश**



जनजातीय संस्कृति और परंपरा पर चर्चा ने अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा दी।

**नम्रता तिवारी, चित्रकला पीजी**

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

क्र. /भू-अर्जन/2026-27
**प्रारूप-क (नियम 4 देखिए)**
नरसिंहपुर, दिनांक / /2025
**प.ह.नं.** - 0012/-अ-82/2025-26

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | परियोजना विकासक का नाम | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर म.प्र. |
| 2. | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | गाडरवारा से चीचली मार्ग हेतु ग्राम इमलिया में भू अर्जन। |
| 3. | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 01. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा<br>02.उप संचालक सामाजिक न्याय व निःशक्तता नरसिहंपुर<br>03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चीचली<br>04. नायब तहसीलदार वृत चीचली<br>05. सरपंच ग्राम पंचायत इमलिया<br>06. हल्का पटवारी ग्राम इमलिया |
| 4 | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | नरसिंहपुर |
| (ख) | तहसील | गाडरवारा |
| (ग) | ग्राम/नगर | इमलिया |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | निजी भमि 0.175 हे. |
| (ड) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | कुल रकवा 0.175 हे. |
| 5. | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | गाडरवारा से चीचली मार्ग हेतु ग्राम इमलिया में भू अर्जन। |
| 6. | प्रभावित क्षेत्र | प्रभावित क्षेत्र 0.175 हे. |
| 7. | क्या ग्राम सभाओं और / या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है | नहीं |
| 8. | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के छः माह के भीतर |

(रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

जी-26595/25

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल